पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा अन्य प्रदेश के राज्यपालों ने जन्मदिन की बधाई दी

लखनऊः 16 अप्रैल, 2018

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक को आज उनके जन्मदिवस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष श्री हृदय नारायण दीक्षित, उप मुख्यमंत्री द्वय श्री केशव प्रसाद मौर्य, डाॅ0 दिनेश कुमार शर्मा ने राजभवन में भेंट कर शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल के जन्मदिन के अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती कुंदा नाईक एवं मुंबई से आकर दोनों पुत्रियों सुश्री निशिगंधा नाईक एवं श्रीमती विशाखा कुलकर्णी ने उन्हें बधाई दी। राज्यपाल का जन्म 16 अप्रैल, 1934 को हुआ था।

राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविन्द, उप राष्ट्रपति श्री एम0 वेंकैया नायडु, हरियाणा के राज्यपाल श्री कप्तान सिंह सोलंकी, असम के राज्यपाल श्री जगदीश मुखी, मिजोरम के राज्यपाल श्री निर्भय शर्मा, अरूणांचल के राज्यपाल ब्रिगेडियर बी0डी0 मिश्रा, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री बलराम जी दास टण्डन, बिहार के राज्यपाल श्री सत्यपाल मलिक सहित अन्य विशिष्ट जनों ने राज्यपाल को फोन पर जन्मदिन की बधाई दी।

राज्यपाल को बधाई देने वालों में प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, महिला कल्याण एवं पर्यटन मंत्री श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी, प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशुतोष टण्डन, स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क मंत्री श्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी', खेल मंत्री श्री चेतन चैहान, ग्राम्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र भारत) डाॅ0 महेन्द्र सिंह, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री श्री मोहसिन रजा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के अध्यक्ष डाॅ0 रामशंकर कठेरिया, पूर्व मंत्री डाॅ0 अम्मार रिजवी, डाॅ0ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति डाॅ0 विनय पाठक, लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति डाॅ0 एस0पी0 सिंह, भातखण्डे संगीत संस्थान सम-विश्वविद्यालय की कुलपति श्रीमती श्रुति सडोलीकर काटकर, किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कुलपति डाॅ0 एम0एल0बी0 भट्ट, ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती उर्दू, अरबी-फारसी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 माहरूख मिर्जा, मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरी, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, लखनऊ मेट्रो के निदेशक श्री महेन्द्र कुमार सहित अन्य गणमान्य एवं आमजन सम्मिलित थे।

अंजुम/रा0/राजभवन (162/34)